प्रादेशिक समाचार

दिनांक–19.01.2025 (संध्या 1900 बजे)

मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात में कहा– स्टार्ट–अप इंडिया कार्यक्रम केवल बड़े शहरों तक ही नहीं है सीमित, आधे से अधिक स्टार्ट–अप दूसरी और तीसरी श्रेणी के शहरों से हो रहे संचालित।
- नई दिल्ली में 26 जनवरी को होने वाले गणतंत्र दिवस परेड में शामिल होने के लिए पटमदा के पीएमश्री कस्तूरबा विद्यालय की छात्राओं के पाइप बैंड का हुआ चयन।
- केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने रांची स्टेशन से कुंभ स्पेशल ट्रेन को किया रवाना, कहा–विकसित भारत की राह पर बढ़ रहा है देश।
- राज्य के मंत्री चमरा लिंडा ने कहा– शिक्षा पर है राज्य सरकार का फोकस, सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी के लिए दिल्ली भेजे जाएंगे छात्र।
- राज्यभर में कल से शुरू होगा पांच दिवसीय प्रखंडस्तरीय स्वास्थ्य मेला, लोगों को बीमारियों के प्रति जागरूक करने के साथ ही बनाये जायेंगे आयुष्मान कार्ड।

******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि स्टार्ट–अप इंडिया कार्यक्रम केवल बड़े शहरों तक ही सीमित नहीं है बल्कि आधे से अधिक स्टार्ट–अप दूसरी और तीसरी श्रेणी के शहरों से संचालित हो रहे हैं। आज आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम की एक सौ 18वीं कड़ी में उन्होंने कहा कि अंबाला, हिसार, कांगड़ा, चेंगलपत्तू, बिलासपुर, ग्वालियर और वाशिम में कई स्टार्ट–अप काम कर रहे हैं और पिछले वर्ष नागालैंड में स्टार्ट–अप पंजीकरण में दो सौ प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है।

श्री मोदी ने कहा कि भारत प्रखर वैज्ञानिकों और नवोन्मेषी वैज्ञानिकों की बदौलत अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नए मानदंड स्थापित कर रहा है, जिससे भावी चुनौतियों के समाधान उपलब्ध होंगे। अंतरिक्ष के क्षेत्र में देश की हाल की उपलब्धियों की सराहना की। श्री मोदी ने अंतरिक्ष के क्षेत्र में कार्यरत बैंगलुरू के स्टार्ट–अप पिक्सल की प्रशंसा की।

प्रधानमंत्री ने देशवासियों को 75वें गणतंत्र दिवस की भी अग्रिम शुभकामनाएं दी। श्रीमोदी ने कहा कि इस बार का गणतंत्र दिवस बहुत विशेष है।

******************

नई दिल्ली में 26 जनवरी को होने वाले गणतंत्र दिवस परेड के लिए पूर्वी सिंहभूम जिले के पटमदा स्थित पीएमश्री कस्तूरबा विद्यालय की छात्राओं के पाइप बैंड का चयन हुआ है। केंद्रीय रक्षा मंत्रालय ने इसे लेकर पत्र जारी किया है। राज्य की इस उपलब्धि पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने छात्राओं को बधाई दी है।

******************

इधर, राजधानी रांची में भाजपा कार्यकर्ताओं ने आम लोगों और समर्थकों के साथ बूथ स्तर पर मन की बात कार्यक्रम को सुना। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने रांची महानगर के बरियातू मंडल में कार्यकर्ताओं के साथ मन की बात कार्यक्रम को सुना। श्रीमरांडी ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम कोई राजनीतिक संबोधन नहीं बल्कि एक भारत, श्रेष्ठ भारत की गाथा है।

******************

केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री और रांची के सांसद संजय सेठ ने आज रांची रेलवे स्टेशन से कुंभ स्पेशल ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर राज्यसभा सांसद और पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश तथा हटिया रेल मंडल प्रबंधक जीएस बिंद्रा समेत रेलवे के कई अधिकारी मौजूद थे। इस मौके पर संजय सेठ ने विकसित भारत के संकल्प को दोहराया।

******************

राज्य के अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने कहा है कि अच्छी शिक्षा उपलब्ध कराना झारखंड सरकार की प्राथिमकता है। रामगढ़ में पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्रीलिंडा ने कहा कि सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी के लिए छात्रों को दिल्ली भेजा जायेगा।

******************

रामगढ़ व्यवहार न्यायालय में 11 तांबे के पैनल चोरी करते हुए एक चोर को न्यायालय के कर्मियों ने रंगे हाथ पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया है। रामगढ़ एसपी अजय कुमार ने बताया कि पकड़े गए चोर को जेल भेज दिया गया है।

******************

सरायकेला–खरसावां जिले के चांडिल थाना क्षेत्र में दिलीप गोराई की हत्या मामले में पुलिस ने उनके बेटे राकेश गोराई समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

******************

जनजातीय महिलाएं खाद्य प्रसंस्करण से जुड़कर आर्थिक स्वावलंबन की राह तैयार कर रही है। रांची के पंडरा की सरोज लकड़ा महिलाओं को अचार बनाना सीखा रही हैं। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

******************

पलामू स्थित मेदिनीनाराय मेडिकल कॉलेज में आज जिला प्रशासन ने छापेमारी की। इस दौरान कई मेडिकल के छात्र आक्रोशित हो गए और घंटों प्रदर्शन किया। सदर एसडीओ सुलोचना मीणा पुलिस बल के साथ मेडिकल कॉलेज पहुंची और गर्ल्स और बॉयज हॉस्टल में तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान हॉस्टल के कमरे से कई आपत्तिजनक सामान बरामद हुए हैं।

******************

स्वास्थ्य विभाग की ओर से राज्यभर में कल से पांच दिवसीय प्रखंडस्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जायेगा। इस मेले में आयुष्मान भारत योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य अभियान, आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन समेत सभी तरह के संचालित स्वास्थ्य कार्यक्रमों का लाभ दिया जाना है। इस दौरान अहर्ता रखने वाले नागरिकों का आयुष्मान कार्ड भी बनाया जाएगा। वहीं नागरिकों का डिजिटल हेल्थ आईडी कार्ड भी बनेगा। इधर हजारीबाग में भी स्वास्थ्य मेला के आयोजन को लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है।

******************

हॉकी इंडिया लीग के महिला श्रेणी में आज ओडिशा वारियर्स और श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स का मैच राउरकेला में खेला जा रहा है। इस मैच की समाप्ति के बाद पुरुष श्रेणी का मैच खेला जाएगा। जिसमें वेदांता कलिंगा लान्सर्स और दिल्ली एसजी पाइपर्स की टीम आमने–सामने होगी।

*******समाप्त*******